Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 16
Ghaziabad, Sunday, 17 September, 2023

17 September to 23 September, 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB-80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 3


Page 5



Page 7



## TIRUPATI EYE

### जल जीवन मिशन में यूपी नंबर एक

लखनऊ। योगी सरकार ने देश में सर्वाधिक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का बड़ा कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' की 'हर घर जल योजना' से शुक्रवार को यूपी में 1,60,57,065 ग्रामीण परिवारों तक नल से शुद्ध जल पहुंचा दिया गया। बड़ी आबादी होने के बावजूद हर घर जल योजना में यूपी की रफ्तार के आगे बाकी सारे राज्य पीछे छूट गये। 2019 से पहले जहां यूपी में केवल 5,16,221 ग्रामीण परिवारों तक ही नल कनेक्शन हुआ करते थे।

वहीं बीते साढ़े तीन सालों में यूपी में एक करोड़ 60 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर ही पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लगातार निगरानी के परिणाम स्वरूप यूपी सबसे अधिक नल कनेक्शन देने वाला राज्य बन गया है।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से राज्य में ग्रामीण आबादी को स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के महाभियान को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से स्वच्छ जल पहुंचाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है।

योजना से जहां प्रत्येक दिन 40 हजार से अधिक ग्रामीणों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफ्रोन ने आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से किया दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित








**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ सेंट्रल की ओर से आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से विजयनगर सेक्टर-9 स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य की जानकारी दी। गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित शिविर में कुल 700 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के आयोजन में रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3012, रोटेरेक्ट क्लब ऑफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, इंदिरापुरम, इंटरैक्ट क्लब आफ जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, इंदिरापुरम और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने सहयोग किया। दो दिवसीय शिविर के पहले दिन कक्षा एक से पांच तक के 550 बच्चों की आंख और दांत आदि की जांच की गई। दूसरे दिन करीब 150 बच्चों के दांत व आंखों की जांच की गई।

शिविर में बच्चों की आंखों की भी जांच की गई। यशोदा सुपर स्पेश्यालिटी अस्पताल के डॉक्टर व पैरा मेडिकल टीम ने बच्चों की आंखों की जांच की। डॉक्टरों ने बताया कि वर्तमान समय में छोटी उम्र के बच्चों में भी आंखों की कमजोरी आ रही है। देर तक पढ़ाई और मोबाइल के कारण बच्चों को कम उम्र में चश्मा लग जाता है। ऐसे में थोड़ी सी सावधान बरतने से आंखों को कमजोर होने से बचाया जा सकता है। समय समय पर आंखों की जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। डॉक्टरों ने बच्चों को रोजाना दांत साफ करने की तरीके बताए। बच्चों को खाने के बाद अपने दांतों की अच्छी तरह सफाई करने को कहा गया। डॉक्टरों ने बताया कि खाने के बाद अगर दांतों की सफाई नहीं की गई तो मसूड़ों में खाना अटका रहता है। इससे दांतों को नुकसान हो सकता है। इस मौके पर आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव, रोटेरियन दिनेश मित्तल, डॉ. स्कूल के निदेशक डॉ करुण गौड़, रोटेरियन अभिषेक जिंदल, रोटेरियन नरेंद्र सिंह, रोटेरियन योगेश गर्ग आदि उपस्थित थे। .... *अन्य फोटो पेज-7 पर*



जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक करुण गौड़ ने बताया कि स्कूल की ओर से बच्चों के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाता है। समय-समय पर शिविर आयोजित करने में रहम फाउंडेशन और रोटरी क्लब का सहयोग मिलता रहता है।



रोटरी क्लब अनंत के अध्यक्ष अभिषेक जिंदल ने बताया कि रोटरी क्लब ने बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए हर संभव सहयोग करने का निर्णय लिया है। क्लबों के सदस्य बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।



पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन योगेश गर्ग ने बताया कि आज के बच्चे कल के भविष्य है। उनके स्वास्थ्य के प्रति रोटरी के सभी क्लब के सदस्य चिंतित रहते हैं। छाटे बच्चों को आंख और दांत के प्रति जागरूक करने के लिए ऐसे शिविर लगाए जाते हैं।



आरएचएएम या रहम फाउंडेशन के अध्यक्ष और रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि क्लबों का प्रयास होता है कि बच्चे सिर्फ अपनी पढाई में ध्यान दें। उनकी परेशानियां हम दूर करेंगे।



रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगते रहे

# आयुष्मान भवः योजना का गाजियाबाद में भी हुआ शुभारंभ

## गणमान्य लोगों के साथ आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव भी हुए शामिल














**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना आयुष्मान भवः कार्यक्रम का पूरे देश में आयोजन किया गया। गाजियाबाद में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से जिला संयुक्त चिकित्सालय, संजय नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप शामिल हुए।

कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मंडविया ने आयुष्मान भवः योजना की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुष्मान भवः योजना एवं पोर्टल का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के आखिरी गांव के आखिरी व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने अतिथियों का स्वागत किया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी को पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्य भी शामिल हुए। आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव भी शामिल हुए।

इस मौके पर प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सरकार की आयुष्मान योजना से गरीब लोगों को मुफ्त में इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है, जहां पांच लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त में कराया जा सकता है। पहले कोई सोच सकता था कि इस तरह की सुविधा मिल सकती है। कोरोना काल से अस्सी करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान भवः योजना स्वास्थ्य सेवाओं को वृहद स्तर पर मजबूत बनाएगी। सभी अन्तोदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड सहित हजारों लोगों के कार्ड बनाये गये हैं। जनपद में 2626 लोगों ने आयुष्मान कार्ड के जरीये इलाज करवाया है जिसमें शासन द्वारा 47 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। आयुष्मान कार्ड बनवाने में गाजियाबाद पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है जिसके लिए जनपद को लखनऊ में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को अपने घर के कूलर, फ्रीज, गमले, खाली डिब्बे सहित सभी चीजों सहित घर और घर के आसपास सफाई रखनी चाहिए, जिससे की कोई बीमारी पनप ना पाये। उन्होने कहा कि रक्तदान और अंगदान महादान है सभी को रक्तदान और अंग दान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में गणमान्य अतिथियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बांटे गये। टीवी के मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। निःक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। प्रशस्ति पत्र पाने वालों में मुख्य रूप से सुभाष गुप्ता चैयरमैन रेड क्रास सोसाइटी, डॉ.किरन गर्ग, रोटरी क्लब के प्रशांत शर्मा, आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.धीरज भार्गव, हृदयेश कंसल, राजदेव त्यागी सहित अन्य। इस योजना को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम का संचालन जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से परियोजना निदेशक पीडी प्रदीप नारायण दीक्षित, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, एसीएमओ, डीसीएमओ, डॉ. वी.सी.पाण्डेय सीएमएस, डॉ.राकेश कुमार आदि शामिल हुए।

## गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक: 107 बच्चों समेत 195 लोगों को लगाया टीका, 65 संवेदनशील क्षेत्र चिह्नित

**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। शहर में कुत्तों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन कुत्ते किसी ने किसी बच्चे को अपना शिकार बना रहे हैं। बता दें कि कुत्तों के शिकार हुए 195 लोगों को अकेले बुधवार को एमएमजी अस्पताल में टीका लगाया गया। जिसमें से 107 मासूम बच्चे शामिल थे। बता दें बीते बुधवार को 397 से अधिक लोगों को आरवीआई लगाई गई है। सबसे ज्यादा कुत्ते काटने के मरीज सुदामा पुरी, पुराना विजयनगर, भूड़भारत नगर, गौशाला फाटक, मिजार्पुर, अर्थला, नंदग्राम और



कैला भट्टा के घायल मरीज वैक्सीन लगवाने एमएमजी अस्पताल पहुंचे थे। एमएमजी अस्पताल में दिनों दिन कुत्ते के द्वारा काटे जाने के मरीजों की लाइन बढ़ती जा रही है। कभी-कभी मरीजों की संख्या इतनी अधिक हो जाती है कि अस्पताल के बाहर तक लाइन लग जाती है। आपको बता दें कि सबसे अधिक मरीज मुरादनगर और लोनी से आए हैं। यहां से औसतन 22 मरीज रोजाना एमएमजी अस्पताल आते हैं। अपर जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि कुत्ते काटने के संवेदनशील 65 क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं। इसके लिए नगर निगम को पत्र लिखकर कुत्तों की नसबंदी कराने के लिए कहा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में जहां पर 10 से 12 मामले रोज आ रहे हैं उस क्षेत्र में जल्द ही टीकाकरण केंद्र खोला जाएगा। बुधवार को 397 लोगों को आरवीआई का टीका लगाया गया है। फिलहाल नगर निगम को पत्र दे दिया गया है जल्दी ही कुत्तों की नसबंदी की जाएगी।

## एमएमएच कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। एमएमएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयो ने रोटरी क्लब गाजियाबाद हैरिटेज के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीयूष चौहान द्वारा अमर शहीदो को श्रद्धांजलि देकर किया गया। रक्तदान शिविर मे शिक्षक , शिक्षणेत्तर तथा छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर स्वयसेवकों का हेल्थ चेकअप भी किया गया और उन्हे जंक फूड न खाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर चारों इकाइयो के कार्यक्रम अधिकारी




डॉ.रविंद्र कुमार, डॉ.रीमा उपाध्याय, डॉ.निशा अग्रवाल, डॉ इनाम तथा रोटरी क्लब से अभिनव गोयल, रविन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर शंभूदयाल कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित








**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर शंभूदयाल कॉलेज में टीबी और एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत जिला क्षयरोग विभाग की ओर से टीबी और एड्स से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रहम यानि आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब आफ दिल्ली इस्ट एंड की ओर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपक्षय अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने टीबी और एड्स रोग के लक्षण और कारण बताए। उन्होंने कहा कि टीबी की बीमारी लाइलाज नहीं है। समय रहते अगर बीमारी का पता चल जाता है तो इसका इलाज हो सकता है।

इस मौके पर प्राइवेट पब्लिक मिक्स की कोर्डिनेटर दीपाली गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने पर 9 सितंबर से 23 सितंबर तक टीबी मुक्त पंचायत, टीबी मुक्त भारत और टीबी हारेगा, देश जीतेगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर शंभुदयाल कालेज के प्राचार्य, एमएमएच कॉले के प्राचार्य, एलआर कॉलेज साहिबाबाद के प्राचार्य भी उपस्थित थे।



# Editorial

## G-20: Hope for the world

The G20 declaration and its focus on multilateralism offers hope for developing countries that international financial institutions will be reformed and that more cognisance will be paid to global debt vulnerabilities.

Leaders of the world's leading economies met in New Delhi at the weekend to discuss a range of issues from the green development pact for a sustainable future to accelerating progress on the UN Sustainable Development Goals.

These are crucial discussions for a new world order and those countries that represent the developing or emerging world stressed that there must be more balance, especially with how decisions are taken by international financial institutions, which historically have operated in a manner that benefited unilateral decision-making and developed nations.

The G20 declaration also recognises that developing countries must have a role to play in shaping the future through industrialisation, innovation and technology. Financing mechanisms that are balanced and fair are crucial to the growth of these economies and the hopes and aspirations of their citizens.

The declaration underscores the need for enhancing representation and elevating the voices of developing countries in decision-making in international economic and financial institutions to make for more effective, credible, accountable and legitimate institutions.

Like the BRICS Summit declaration, the G20 reiterated its commitment to a strong, quota-based and adequately resourced International Monetary Fund (IMF) with the bloc committed to revisiting the IMF adequacy of quotas to be concluded by December 15.

These are all indicators that there is commitment to address global challenges and to focus on addressing the development needs of low- and middle-income countries.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Sanatan Dharma is 'Rashtriya' religion of Bharat: Yogi



Indore: Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath on Wednesday said Sanatan Dharma is the "Rashtriya" (national) religion" of Bharat. Against the backdrop of controversial comments on Sanatan Dharma by DMK leader Udhayanidhi Stalin, Adityanath said it was unfortunate that some people living in India are still insulting the Sanatan Dharma which has been attacked since ancient times.

"Sanatan Dharma is the Rashtriya dharma (national religion) of Bharat. No one can question its perpetuity," the UP chief minister said at the unveiling ceremony of Dhwajstambh (flagstaff) at Nath temple in Indore.Like Sanatan Dharma which has been facing attacks since ancient times, the existence and reality of God too has been questioned.

"It is unfortunate that even today many people living in Bharat are humiliating Sanatan Dharma. They do not miss any opportunity to attack Indian values, ideals and principles," Adityanath said.

"Even Ravan had also tried to attack the reality of God but what was the result? Ravan was destroyed by his ego," he said.

DMK leader and Tamil Nadu minister Udhayanidhi Stalin recently caused a storm after he claimed Sanatan Dharma is against social justice and that it should be eradicated.

Likening Sanatan Dharma to coronavirus, malaria and dengue, Udhayanidhi Stalin — the son of Chief Minister Stalin — said such things should not be opposed but destroyed. A Raja, another DMK leader, likened Sanatan Dharma to diseases such as leprosy. A former minister during the UPA regime, Raja also said Udhayanidhi Stalin's remark was soft.

Adityanath said Mughal ruler Babar had tried to demolish the temple of Lord Ram in Ayodhya, but a grand temple is being constructed at Ram Janmabhoomi after 500 years. He said "Hindu" is not a religious word but it is a cultural identity of Indians.

"Unfortunately, some people have tried to bring the Hindu identity within a narrow ambit". Amid a political debate over "Bharat vs India", the BJP leader said the country has been addressed as Bharat since ancient times and its citizens have been called "Hindus".

"When Muslims from India, Pakistan and Bangladesh go to Mecca for performing Haj, they are addressed as Hindus in Saudi Arabia," he said.

# Uttar Pradesh to ease burden on pupils

Lucknow: The UP government has instructed the education department to change school schedules under the new education policy to ease the burden on students. There will be only 29 hours of teaching in a week in state schools and classes will be held for five to five hours thirty minutes from Monday to Friday and only two to two and a half hours on Saturdays, as suggested in the New Education Policy.

"According to the new National Education Policy, there will be only 29 hours of teaching a week in state schools.," a statement from the Information and Public Relations, Department said. Similarly, the maximum time limit for classes for general subjects will be reduced from 45 to 35 minutes, while classes for major subjects will be held for 50 minutes.

UP is implementing various new initiatives envisaged in the New Education Policy in basic, secondary, and higher educa tional institutions.

# G20 showcases India's growing power

**Dr. C Bajpayee**



India's G20 presidency is the culmination of a year of milestones. The country has become the fourth to land on the moon, surpassed China as the world's most populous country and overtaken the UK as the world's fifth-largest economy.

To a degree, India's G20 presidency can be regarded as a historic moment, announcing its confirmation as a major global power.

But the summit will also serve to illustrate the many challenges India faces in realizing its commitment to 'strategic autonomy' in its foreign policy. New Delhi has attempted to use the G20 to draw attention to domestic policy priorities where it has made (or is seeking to make) strides.

This year's G20 can be seen as a 'green summit' as India promotes several climate policy initiatives including an International Biofuels Alliance, 'Mission LiFe' (which advocates the concept of a circular economy) and green hydrogen standards. India is also calling for reforms to multilateral development banks to facilitate green financing.

New Delhi is seeking to leverage progress in the development of India's digital welfare state (through such initiatives as the Aadhar card and United Payments Interface) to create a multilateral funding body at the G20 to facilitate digital public infrastructure (DPI). This comes within the context of broader efforts to create smart, sustainable and resilient urban infrastructure. Ultimately, these initiatives aim to frame India as the preeminent voice of the Global South.

Further to this aim, New Delhi hosted 125 countries earlier this year as part of its Voice of Global South Summit and it is advocating full G20 membership for the African Union (AU).

Nine guest countries have also been invited to the summit, including emerging economies like Egypt and Nigeria and countries in India's neighbourhood including Bangladesh and Mauritius.

**Bigger challenges**

However, India's G20 presidency can also be seen as a microcosm of the broader challenges facing the country's foreign policy.

New Delhi's longstanding commitment to 'strategic autonomy' or 'omni-alignment' is being put to the test amid the breakdown in relations between major powers

New Delhi's longstanding commitment to 'strategic autonomy' or 'omni-alignment' is being put to the test amid the breakdown in relations between major powers, including Russia and the West, and growing fissures in the US-China relationship.

Chinese President Xi Jinping's decision not to attend has become a 'spoiler' to the summit proceedings, while it has been difficult to address the Ukraine conflict in the summit communiqué, with Beijing and Moscow more resistant than they were last year.

Ukrainian Presidency Zelenskyy has also not been invited to the summit, illustrating New Delhi's insistence that the G20 return to its roots on economic issues.

# सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में समारोह पूर्वक मनाया गया हिंदी दिवस









**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की नेहरू नगर व कवि नगर शाखा के छात्रों ने मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर दोहे, नारे, पोस्टर व चौपाई के अलावा नृत्य नाटिका के जरिए बच्चों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि हिंदी भाषा राष्ट्रीय एकता व सद्भावना की डोर को निरंतर मजबूत करती है।

स्कूल की निदेशक व प्रधानाचार्या डॉ. माला कपूर ने कहा कि विश्व में हिंदी के निरंतर लोकप्रिय होते जाने का प्रमाण हाल ही में जी-20 सम्मेलन में हिस्सेदारी करने आए विदेशी मेहमानों में से कई ने हिंदी बोल कर दिया।

उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृतिक पहचान है। इसके वैज्ञानिक स्वरूप ने ही हिन्दी को समृद्ध बनाया है। विश्व के कई विश्व विद्यालयों में हिंदी पढाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हिंद को बचाना है तो हिंदी को बचाना होगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. उर्वशी अग्रवाल 'उर्वी' ने विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले बच्चों के नाम पर हाथोंहाथ दोहे गढ़ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को जमकर सराहा।

इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका उमा नवानी, सोनिया सेहरा, एकता कोहली, मंजु कौशिक, मीनाक्षी शर्मा, हिमांशी त्यागी सहित समस्त स्टाफ ने हिंदी को बढ़ावा देने की शपथ ग्रहण की।

# डेंगू में कब होती है ब्लड चढ़ाने की जरूरत

**टीबीसी न्यूज**



नई दिल्लीः देश के कई राज्यों में डेंगू पांव पसार रहा है। एडीज मच्छर के कारण होने वाली इस बीमारी के मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु और दिल्ली-एनसीआर तक में ये बुखार परेशानी का कारण बन रहा है। इस बीमारी की वजह से मरीजों की जान भी जा रही है। डेंगू अधिकतर लोगों में कुछ दिनों में ठीक हो रहा है, लेकिन कुछ मरीजों में इस बुखार की वजह से प्लेटलेट्स का लेवल गिर रहा है। ऐसे में मरीज को ब्लड चढ़ाया जा रहा है, ताकि प्लेटलेट्स के लेवल को सही स्तर पर रखा जा सके, लेकिन इस बीच यह जानना भी जरूरी है कि डेंगू के मरीज में प्लेटलेट्स का लेवल कितना होना चाहिए। ये जानकारी इसलिए जरूरी है क्योंकि प्लेटलेट्स गिरने पर मरीज पैनिक में आ जाता है. जिससे काफी परेशानी हो सकती है।

कुछ लोगों को लगता है कि 1 लाख प्लेटलेट्स भी खतरे की बात है, लेकिन क्या ऐसा सही में है? वैसे तो आम इंसान के शरीर में 3 से 4 लाख तक प्लेटलेट्स होती हैं। डेंगू में ये कम होकर 1 लाख या फिर 50 हजार तक हो जाती है, लेकिन ये खतरे की बात नहीं है। आइए डॉक्टर से जानते हैं कि प्लेटलेट्स कितनी होनी चाहिए और कम डेंगू का खतरा बढ़ जाता है. गाजियबाद में डीएसओ डॉ .आर के गुप्ता ने बताया कि अगर किसी मरीज की प्लेटलेट्स 50 हजार तक भी है तो चिंता की कोई बात नहीं है। खतरा तब होता है जब प्लेटलेट्स 10 हजार से कम होती है, हालांकि अगर किसी मरीज को ब्लीडिंग हो रही है तो डॉक्टर स्थिति के हिसाब से प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए कह सकता है.ऐसे में मरीज के लिए ब्लड की जरूरत पड़ती है।

लेकिन देखा जाता है कि कुछ लोग 1 लाख या 50 हजार प्लेटलेट्स होने पर ही घबरा जाते हैं। इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। अगर डेंगू के गंभीर लक्षण नहीं है और ब्लीडिंग नहीं हो रही है तो 10 हजार प्लेटलेट्स होने पर भी कोई खतरा नहीं है। लोगों के लिए जरूरी है कि वह डेंगू के खतरनाक लक्षणों की जानकारी रखें। अगर ऐसी कोई परेशानी हो रही है तो डॉक्टर से तुरंत सलाह लें।

Gurukul The School
NH-24 GHAZIABAD
Modernity With Tradition
THANK YOU for believing in us...
The journey of 19 years gives us enough reasons to Smile,
Your faith has made us stronger every day.

Registrations Open
FOR THE SESSION 2024-25
9599596097, 9311963595
WWW.GURUKULTHESCHOOL.COM
NH-9, 28 Kms Delhi Milestone, Ghaziabad

# रोटरी क्लब गाजियाबाद अनंत ने लगाया चतुर्थ निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण कैम्प

**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। रोटरी क्लब गाजियाबाद अनंत की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण कैम्प लगाया गया जिसमें 475 बच्चों का परीक्षण किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत के रो. संदीप सिंघल ने बताया कि सरकारी स्कूल के बच्चों का चतुर्थ निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण कैम्प, प्राथमिक विद्यालय, इस्लाम नगर में लगाया गया। इस मे स्कूल के लगभग 475 बच्चों का परीक्षण किया गया। इससे पहले क्लब तीन स्कूलों में कैंप लगा चुका है जिसमें प्राथमिक विद्यालय सिहानी नंबर-3 मंदिर के सामने नन्दग्राम रोड में किया गया। 4 स्कूलों के करीब 500 बच्चों ने हिस्सा लिया था। क्लब ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत पिछले दो माह पहले आर्य समाज मंदिर सेक्टर 5 रामलीला मैदान राज नगर गाजियाबाद से की गई। इसमें आर्य समाज स्कूल व प्राथमिक विद्यालय, नूरनगर, गाजियाबाद के करीब 250 बच्चों ने हिस्सा लिया था।

उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट हमारा पूरे वर्ष भर चलता रहेगा। सभी सरकारी स्कूल के बच्चों का नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण



कार्यक्रम विभिन्न स्कूलो मे होता रहेगा। क्लब के प्रेजिडेंट अभिषेक जिंदल ने बताया कि हमारी इस वर्ष कम से कम 5000 बच्चों का प्रशिक्षण कराने की मुहिम है। कोई भी बच्चा चश्मे के अभाव में अपनी पढ़ाई से वंचित ना रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रो.मनोज अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर रहे। उन्होंने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि देखने मे यह छोटा प्रोजेक्ट है लेकिन बहुत बड़ा कार्य है। जिस तरह आप इस प्रोजेक्ट को कर रहे हैं तो लगता है आप 5000 की संख्या से ज्यादा बच्चों को लाभ मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में विभिन्न क्लबो से सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।अनंत क्लब के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रोजेक्ट को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. दिनेश मित्तल ने किया।

# रोटरी क्लब ने कराया स्कूली छात्रों का जैकसन सोलर कंपनी का भ्रमण





**टीबीसी न्यूज**

नोएडा। नोएडा स्थित सनराईविले स्कूल के छात्र-छात्राओं के एक दल ने ग्रेटर नोएडा स्थित जैकसन सोलर एनर्जी कंपनी का दौरा किया। इस दल में कुल 45 छात्र-छात्राएं थे। फैक्टरी भ्रमण का कार्यक्रम रोटरी क्लब की ओर से आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने सोलर के जरिए बिजली उत्पादन के बारे में जानकारी हासिल करने में काफी रूचि दिखाई। छात्र-छात्राओं ने सोलर पैनेल के निर्माण और इसके कार्य करने के बारे में जानकारी ली। कंपनी के अधिकारी सौम्या चौधरी ने बच्चों को पूरी जानकारी दी। रोटरी क्लब के अधिकारियों ने बताया कि क्लब की ओर से छात्रों को औद्योगिक इकाइयों का विजिट कराया जाता है ताकि तकनीकी के क्षेत्र में उनकी रूचि बढ़े।

# बेटी ने लिवर देकर बचाई पिता की जान, रोटरी क्लब ने दोनों को किया सम्मानित



**टीबीसी न्यूज**

यमुनानगर। मां-पिता की देखभाल और उनके स्वास्थ्य के प्रति बेटों से ज्यादा बेटियां चिंतित रहती है। यह बात यहां के मॉडल टाउन निवासी एडवोकेट दीक्षा खेड़ा ने साबित कर दिखाया है। दीक्षा ने अपने पिता की जिंदगी बचाने के लिए लिवर को दान दिया है। दीक्षा के पिता दर्शनलाल खेड़ा की उम्र 56 साल है। वे काफी समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी बेटी दीक्षा ने शादी के बाद उनको लिवर डोनेट कर नई जिंदगी प्रदान की है। दीक्षा की इस पहल के लिए रोटरी क्लब ने उनको सम्मानित किया है।

एक कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में एसपी मोहित हांडा ने दीक्षा खेड़ा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दर्शनलाल खेड़ा भी उपस्थित थे। दोनों ने मौत के बाद अंगदान करने की घोषणा की। दीक्षा ने बताया कि उसके पिता जी को क्रॉनिक लिवर डिजीज-लिवर सिरोसिस की बीमारी हो गई थी। इसके इलाज के लिए लिवर ट्रांसप्लांट करना आवश्यक था। इसके बाद से पूरे परिवार ने लिवर ट्रांसप्लांट के लिए डेड डोनर की तलाश की लेकिन कोई मिला नहीं। इसके बाद खुद ही लिवर डोनेट करने का फैसला लिया। दीक्षा ने बताया कि शुरू में पिताजी इसके लिए तैयान नहीं हुए लेकिन परिवार द्वारा समझाने पर मान गए। सभी की सहमति से लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। अब उनके पिताजी पूरी तरह स्वस्थ्य और फिट है। दीक्षा ने बताया कि रोटरी क्लब ने उनका उत्साहवर्धन किया।

रोटरी क्लब की ओर से ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे एडवोकेट दीक्षा खेड़ा और उनके पिताजी दर्शनलाल खेड़ा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसपी मोहिता हांडा ने कहा कि लोगों को दीक्षा से प्रेरणा लेनी चाहिए। मां-पिता की हमेशा सेवा करनी चाहिए।

दीक्षा खेड़ा ने बताया कि ऑर्गन को दो तरह से डोनेट किया जा सकता है। लिविंग ऑर्गन डोनेशन और दूसरा है मौत के बाद। लिविंग ऑर्गन डोनेशन के केस में कानून यह कहता है कि हम सिर्फ अपनी फैमिली या करीब को ही ऑर्गन डोनेट कर सकते हैं। वहीं मौत के बाद ऑर्गन डोनेशन यानि डिसीस ऑर्गन डोनेशन में ऑर्गन का मिलना बेहद मुश्किल होता है। मरना तो हम सबको एक न एक दिन है लेकिन मरने के बाद जीने का एकमात्र तरीका अपने ऑर्गन्स को दान करने से है। दीक्षा ने बताया कि उसने लिविंग ऑर्गन डोनशन किया है। दूसरे लोगों को भी माता-पिता की जान बचाने के लिए अंगदान करना चाहिए।

# गवर्नर अधिकारिक आगमन समारोह का आयोजन



**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद : रोटरी क्लब गाजियाबाद चिरंजीव विहार द्वारा गवर्नर आधिकारिक आगमन व शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से गजियाबाद के आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ अध्यापक श्रवण मित्तल का अभिनन्दन किया गया । इसके अतिरिक्त प्रतिभा सिंघल व शशि राठी को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। गवर्नर रोटरी प्रियतोष द्वारा क्लब के कार्यों की समीक्षा व सराहना की गई। सभा में डीडीए रोटेरियन पंकज जैन व रोटेरियन अमित गुप्ता ने गवर्नर प्रियतोष के साथ क्लब के कार्यों की समीक्षा की। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन गौरव गुप्ता द्वारा सभा की अध्यक्षता की गई तथा क्लब सचिव रोटेरियन डॉक्टर अजय कुमार ने क्लब की आगामी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से अनेक प्रकार के सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब आफ चिरंजीव विहार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में परस्पर सहयोग करने को तैयार है। इस मौके पर आगामी कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

# रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीबीसी न्यूज**

ग्रेटर नोएडा। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा की ओर से मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रोटेरियन ऋषि अग्रवाल ने बताया कि गौतमबुद्ध चैरिटेबिल ब्लड बैंक ग्रेटर नोएडा में रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी। जिस पूरा करने के लिए रोटेरियन हरवीर मावी ने मिंडा कंपनी में संदीप विष्ट से संपर्क कर रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें कंपनी के स्टाफ ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। क्लब की ओर से रोटेरियन मनजीत सिंह, रोटेरियन सौरभ बंसल, रोटेरियन मनोज नागर, रोटेरियन एमपी सिंह, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अतुल जैन, रोटेरियन शैलेश वार्ष्णेय, रोटेरियन रणजीत सिंह, रोटेरियन राहुल शर्मा व रो. अंकुर गर्ग उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ग्रेनो ने कारागार में लगाया नेत्र जांच शिविर

नोएडा। रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने शुक्रवार को जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में आई चेकअप कैंप लगाया। गौतमबुद्धनगर के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज सिंघल के सहयोग से आयोजित शिविर में 350 बंदियों ने अपनी आंखों की जांच कराई। जिन बंदियों की आंखों में कमी पाई गई उन्हें निशुल्क दवा व चश्मा दिया गया। जेल अधीक्षक ने रोटरी क्लब के सदस्यों का आभार जताया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष कपिल शर्मा, मुकुल गोयल, मोहन गर्ग, उबेर खान आदि उपस्थित थे। कारागार की ओर से जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह, जेलर जेपी तिवारी, डॉ. अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।

# योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में धान खरीद के साथ 15 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**टीबीसी न्यूज**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें धान क्रय नीति को भी मंजूरी मिल गई है।

सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 143 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने की घोषणा की। कैबिनेट ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव पास किया है। झांसी में नोएडा विकास प्राधिकरण की तर्ज पर एक नई टाउनशिप विकसित की जाएगी। अयोध्या, फिरोजाबाद, सहारनपुर में नगरीय बसों का संचालन के लिए एसपीवी का गठन किया गया है। यूपी पुलिस में तैनात आरक्षी और मुख्य आरक्षी को अब 500 रुपए मोटरसाइकिल भत्ता मिलेगा। बता दें कि पहले आरक्षी और मुख्य आरक्षी को 200 रुपए साइकिल भत्ता मिलता था। साइकिल भत्ते को मोटरसाइकिल भत्ते में परिवर्तित कर 500 रुपये प्रतिमाह धनराशि देने की स्वीकृति मिली है।



### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

1. अयोध्या, फिरोजाबाद और सहारनपुर में नगरीय बसों के संचालन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एसपीवी का गठन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास।
2. प्रदेश में नगर निकायों में आकांक्षी नगर योजना लागू किए जाने के लिए दिशा निर्देश निर्गत किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास।
3. गोरखपुर में यूपी विशेष सुरक्षा बल की 2वीं वाहिनी की स्थापना हेतु आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास।
4. शामली में एक नई पीएसी वाहिनी की स्थापना हेतु आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास।
5. बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन के संबंध में प्रस्ताव पास।
6. पर्यटन विभाग के बंद/घाटे में चल रहे पर्यटक आवास गृहों एवं टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, अयोध्या को पीपीपी मोड पर विकसित व संचालन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास।
7. आगरा एयरपोर्ट पर नवीन सिविल एनक्लेव के विकास के लिए अतिरिक्त भूमि के क्रय को लेकर प्रस्ताव पास।
8. उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नियुक्त आरक्षी/मुख्य आरक्षी को साइकिल भत्ता मोटर साइकिल भत्ते में परिवर्तित कर 200 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिमाह किए जाने का प्रस्ताव पास।
9. संभल की पुलिस लाइन में आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास
10. औरैया के पुलिस लाइन में आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास
11. लखनऊ में वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास
12. लखनऊ में यूपी विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय एवं 1वीं वाहिनी विशेष सुरक्षा बल की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास।
13. उन्नाव में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव पास।
14. खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत धान क्रय नीति के संबंध में प्रस्ताव पास।

# नोएडा आईएमएस में जी-20 सप्ताह का समापन

**टीबीसी न्यूज**

नोएडा। आईएमएस नोएडा में जी-20 सप्ताह का समापन हो गया। 6 से 14 सितंबर तक होने वाले इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, क्विज, विडियो मेकिंग, परिचर्चा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के अंतिम दिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर जी-20 के प्रभाव के बाबत छात्रों ने विचार प्रकट किए।

बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ. जितिन गंभीर ने कहा कि जी-20 के थीम पर छात्रों के लिए जी-20 सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने ग्रीन डेवलपमेंट, वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर और महिला नेतृत्व में विकास जैसे मुद्दों पर पोस्टर मेकिंग, क्विज, वीडियो मेकिंग एवं परिचर्चा में विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है, युवा अपने कुशल नेतृत्व कौशल से देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।

बीबीए की प्रोफेसर चेष्टा जिंदल ने कहा कि हमारा सम्मान, जिससे हमारी पहचान है, व्यवहार, अस्तित्व, बोलचाल की भाषा, यही तो है हिंदी। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित कविता, कहानी, व्याख्यान एवं गीतों के माध्यम से हिंदी के महत्व को प्रस्तुत किया।

# जेकेजी इंटरनेशन स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित





















# रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन समेत 26 क्लबों ने एक साथ किया भोजन वितरण और पौधारोपण












## क्या कहते हैं पूर्व गवर्नर अशोक अग्रवाल



पूर्व गवर्नर अशोक अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को बाखूबी ढंग से निभा रहे हैं। जब भी शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों में सहयोग की आवश्यकता पड़ती है, रोटरी के सभी क्लब सहयोग के लिए आगे आते हैं। सामूहिक रूप से भोजन के वितरण से क्लब के सदस्यों के बीच एक बंधुत्व की भावना जागृत होती है।

## क्या कहते हैं पूर्व गवर्नर आलोक गुप्ता



पूर्व गवर्नर आलोक गुप्ता का कहना है कि रोटरी क्लब देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हो गया, विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकताओं की पूर्ति हो, रोटरी क्लब की ओर से हर संभव सहयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त अभियान के साथ भी रोटरी क्लब जुड़े हुए हैं। सभी के सहयोग से टीबी खत्म किया जाएगा।

**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। रोटरी के 26 क्लबों के सदस्यों ने साथ मिलकर कविनगर स्थित महाराजा अग्रसेन वाटिका में भोजन वितरण किया। साथ ही, क्लब के सदस्यों ने एक साथ सामूहिक रूप में पौधारोपण किया। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन के सदस्यों ने भी अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गवर्नर आलोक गुप्ता और पूर्व गवर्नर अशोक अग्रवाल ने रोटरी क्लब के सामाजिक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि अपने सामाजिक दायित्वों के तहत रोटरी क्लब के सदस्य हर तरह के कार्यों से जुड़े हुए हैं। चाहे स्कूलों के बच्चों को पठन पाठन सामग्री देनी हो या टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार देना हो, रोटरी क्लब के सदस्य हर समय मदद को तैयार रहते हैं। अभियान में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन के अलावा रोटरी क्लब ऑफ दनकौर, गाजियाबाद ग्रेस, गाजियाबाद गुलमोहर, गाजियाबाद राजधानी, गाजियाबाद राजनगर, गाजियाबाद रिजेंसी, गाजियाबाद प्रताप विहार, गाजियाबाद रिदम, गाजियाबाद विस्ता, गाजियाबाद यूनिवर्स, हापुड़ एलीट, दिल्ली डेलिजेंट, दिल्ली विनोद नगर, गाजियाबाद अशोका, गाजियाबाद आस्था, गाजियाबाद डायमंड, गाजियाबाद ज्ञानखंड, गाजियाबाद लोटस, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद विजयनगर, हापुड़ प्लैटिनम, मोदीनगर, नोएडा एक्सटेंशन शामिल रहे। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर प्रिंस अग्रवाल, प्रतीक भार्गव, कोमल जैन भार्गव, वंदना शर्मा, अखिल गर्ग, संजय मेहरा, प्रवीण गोयल, संजय अग्रवाल, नवीन कुमार अग्रवाल, विजय माहेश्वरी, विवेक अग्रवाल, विवेक त्यागी, विवेक शर्मा, मुकुल कुमार, अरुण सिंघल, अनुज मित्तल, संदीप मिगलानी, नरेश ढींगरा, आशीष मित्तल आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालय रोटेरियन सतीश चंद्र मित्तल ने किया।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000¯ **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.